# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
## विद्युत पारेषण मण्डल

प्रथम/द्वितीय प्रति

लाल डिग्गी, अलीगढ़–202001 मो0–9458096500
(CIN-U40101UP2004SGCO28687)

E-mail-setaligr@upptcl.org
GSTIN09AAACU8823E1Z9
TAN No. AGRE10289G


पत्रांक–            –वि.पा.मं.(अ)/टी–30                                दिनांक– 21.01.2021

विषयः– निविदा प्रकाशन के सम्बन्ध में ।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक,
अमर उजाला,
अलीगढ़।

विज्ञापन व्यवस्थापक,
पंजाब केसरी,
नई दिल्ली।

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में 22 अथवा 23 जनवरी, 2021 के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइन्ट टाइप में (समाचार पत्र के केवल एक कालम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रुप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

2– स्थानीय प्रकति की सूचनाऐं जैसे बिजली बन्द रहने की सूचना,उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथासम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

3– प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामिग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव न होगा ।

4– संलग्न विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में हिन्दी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।

5– विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतः एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।

6– यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय,भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

7– विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में राष्ट्र हित में बिजली बचाऐं का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।

8– उक्त निर्देशो के विपरीत तथा गलत अथवा भददे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में परिषद द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नकः (1) विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति।
(2) विज्ञापन सामग्री – 2नं0।

(जे०पी० विमल)
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक –          /वि0पा0मं0(अ)/टी–30            तद् दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य अभियन्ता(पारेषण दक्षिण),उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, आगरा
2– उपमुख्य लेखाधिकारी(पा0द0),उ0प्र0पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, आगरा
3– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड–प्रथम/द्वितीय, अलीगढ/मैनपुरी /विद्युत 400के0वी0 उपकेन्द्र खण्ड, अलीगढ़।
4– नोटिस बोर्ड
5– निविदा पत्रावली ।

(जे०पी० विमल)
अधीक्षण अभियन्ता

**उ0प्र0पावर ट्रांसमिशन कारपोरेषन लिमिटेड**
**<u>अल्पकालीन / पूर्णकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना</u>**

अनुभवी कार्यदायी संस्थाओं से निम्नलिखित ई–निविदा दो भागों में निर्धारित दिनांक को 15:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। ई–निविदाओं से सम्बन्धित विवरण बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन / तिथि विस्तार हेतु निविदा खुलने की तिथि तक लॉग ऑन करें। निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त / अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगाः– **1. अल्पकालीन ई–निविदा संख्या**– ई.टी.सी.–109 / 2020–21 – ई.एफ.यू. नैनी इलाहाबाद से टावर स्ट्रक्चर को ढुलाई एवं 220 / 132 के.वी. उपकेन्द्र, खैर (अलीगढ़) पर लाने का कार्य, ध.रा.–2,000 / –, नि.शु.–590 / – एवं नि.ति.–09.02.2021। **2. अल्पकालीन ई–निविदा संख्या**– ई.टी.सी.–110 / 2020–21 – विद्युत पारेषण खण्ड, मैनपुरी के अन्तर्गत 220 के.वी. उपकेन्द्र, एटा पर प्रस्तावानुसार 40 एम.वी.ए. परिवर्तक की स्थापना एवं 132 के.वी. एवं 33 के.वी. 'बे' तथा अन्य सम्बन्धित कार्य, ध.रा.–8,000 / –, नि.शु.–1180 / – एवं नि.ति.–09.02.2021। **3. ई–निविदा संख्या**– ई.टी.सी.–111 / 2020–21– विद्युत पारेषण खण्ड, मैनपुरी के अन्तर्गत 132 के.वी. उपकेन्द्र, जलेसर पर 33 के.वी. बस–बार, डबल मूस कण्डेक्टर को बदलने का कार्य एवं 220 के.वी. उपकेन्द्र, एटा पर खण्ड आइसोलेटर का निर्माण का कार्य, ध.रा.–2,000 / –, नि.शु.–590 / – एवं नि.ति.–28.02.2021। **4. ई–निविदा संख्या**– ई.टी.सी.–112 / 2020–21– विद्युत पारेषण खण्ड, मैनपुरी के अन्तर्गत विभिन्न उपकेन्द्रों पर एल.ई.डी. फ्लड लाईट को उपलब्ध कराने एवं लगाने का कार्य, ध.रा.–2,000 / –, नि.शु.–590 / – एवं नि.ति.–28.02.2021। **5. ई–निविदा संख्या**– ई.टी.सी.–113 / 2020–21– विद्युत पारेषण खण्ड, मैनपुरी के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र, एटा पर क्षमतावृद्धि 40 एम.वी.ए. परिवर्तक स्थानान्तरण एवं स्थापित कराने का कार्य, ध.रा.–4,000 / –, नि.शु.–590 / – एवं नि.ति.–28.02.2021। **6. ई–निविदा संख्या**– ई.टी.सी.–114 / 2020–21– विद्युत पारेषण खण्ड, मैनपुरी के अन्तर्गत विभिन्न 132 के.वी. उपकेन्द्रों के विभिन्न प्रकार के 33 के.वी. आइसोलेटर, सी.टी. क्लेम्प, आइसोलेटर जॉव तथा ब्लेड के अनुरक्षण का कार्य, ध.रा.–2,000 / –, नि.शु.–590 / – एवं नि.ति.–28.02.2021। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, लाल डिग्गी, अलीगढ़।

**निविदा संख्या–ई.टी.सी.–115 / 2020–21–** विद्युत पारेषण खण्ड–प्रथम, अलीगढ़ के अन्तर्गत विद्युत पारेषण उपखण्ड, सारसौल के उपयोग हेतु 12 माह के लिये डीजल चालित जीप / हल्का वाहन मय वैध लाईसेंसधारी चालक सहित उपलब्ध कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से दो भागों में मुहर बन्द निविदा आमंत्रित हैं, जिसकी धरोहर राशि एफ0डी0आर0 आदि के रुप रू0 3000.00 में बन्धक हो तथा द्वितीय भाग में कार्य की दरें दी हो, दिनांक 28.02.2021 के 15.00 बजे तक रू0 590 / – नकद अथवा अधोहस्ताक्षरी के पदनाम में निर्गत डी0डी0 से भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है, जो उसी दिन (अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में) निविदा समय 16.00 बजे सार्वजनिक रुप से खोली जायेगी। किसी भी प्रकार के विलम्ब के लिए विभाग का उत्तरदायित्व नहीं होगा।

राष्ट्र हित में बिजली बचायें
विद्युत चोरी की सूचना दें – "www.igpowerup.org"

---

उपरोक्त विवरण ही प्रकाशित कराया जाये निम्न नाम, पदनाम एवं मुहर का प्रकाशन न कराया जाये ।

**(जे०पी० विमल)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
विद्युत पारेषण मण्डल
अलीगढ़।